दैनिक जागरण 23/07/2025

# गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के हर विद्यार्थी को अब मिलेगा एआइ का ज्ञान : डा. रोहित दत्त

अंबाला (विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ पारंपरिक और आध्यात्मिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कालेज परिसर में वैदिक रीति से हवन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की। हवन के दौरान वेद-मंत्रों के उच्चारण और विधिवत अनुष्ठान से पूरे परिसर में शुद्ध और भक्तिमय वातावरण बना रहा। प्राचार्य ने कहा कि हवन भारतीय संस्कृति की एक पवित्र परंपरा है, जो न केवल आध्यात्मिक शुद्धि बल्कि सामूहिक मंगलकामना का प्रतीक भी है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ एकजुटता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। कालेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले की आफलाइन प्रक्रिया आरंभ है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कालेज प्रशासन ने प्रवेश संबंधी विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इच्छुक विद्यार्थी 24 जुलाई 2025 तक कालेज की उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आनलाइन पंजीकरण अपने स्तर पर व कालेज में आकर भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कालेज के हर विद्यार्थी को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का ज्ञान दिया जाएगा। एआइ विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगा और उनके करियर में भी मदद करेगा।



जीएमएन कालेज में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन में भाग लेते प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त व अन्य स्टाफ तथा विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति